आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 28.10.2024

मुख्य समाचारः–

1– राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में होने वाले पंचायत और निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सिफारिशों के अनुसार आरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया है।

2– प्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू की जाएगी।

3– प्रधानमंत्री कल छत्तीसगढ़ की दो परियोजनाओं सहित देशभर में बारह हजार करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

4– छत्तीसगढ़ पुलिस में एसआई और प्लाटून कमांडर संवर्ग की भर्ती परीक्षा दो हजार इक्कीस का परिणाम जारी।

मंत्रिपरिषद–निर्णय

राज्य मंत्रिपरिषद ने पंचायत और निकाय चुनाव में आरक्षण के संबंध में आज एक बड़ा फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की आज रायपुर में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट और उसकी अनुशंसा के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रदान किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया है। इस योजना के तहत राज्य के साठ वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, दिव्यांगजन, विधवा, परित्यक महिलाओं को उनके जीवनकाल में एक बार प्रदेश के बाहर स्थित चिंहित तीर्थ स्थानों में से एक या एक से अधिक स्थानों की निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी।

मंत्रिपरिषद ने शिक्षक संवर्ग के संतानवे शिक्षकों का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किए जाने का भी अनुमोदन किया है। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों को वर्ष दो हजार सात से दो हजार उन्नीस तक प्रथम मतांकन के आधार पर प्रथम और द्वितीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने के लिए मात्र एक बार की छूट देने का मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति के प्रारूप का भी आज अनुमोदन किया। यह नीति आगामी एक नवंबर से लागू हो जाएगी और इकतीस अक्टूबर वर्ष दो हजार उनतीस तक प्रभावशील रहेगी।

आज मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट के प्रारूप का भी अनुमोदन किया। इसके अलावा नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवाएं, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल उद्योगों के साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं को रियायती दर पर भूखंड आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

प्रधानमंत्री–स्वास्थ्य सुविधा/सिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उनतीस अक्टूबर को धन्वंतरि जयंती और आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ की भी कुछ परियोजनाओं को शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री ''आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' के तहत सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का शुभारंभ

करेंगे। इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री भारत के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्‌घाटन करेंगे। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री श्री मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का भी वर्चुअल उद्‌घाटन करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री रायपुर में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों की आधारशिला रखेंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने वाली ड्रोन प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ग्यारह तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। इसमें रायपुर एम्स को भी शामिल किया गया हैं।

प्रधानमंत्री टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए यू–विन पोर्टल और स्वास्थ्य पेशेवरों तथा संस्थानों के लिए पोर्टल भी लांच करेंगे।

<u>प्रधानमंत्री–रोजगार मेला</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये नव–नियुक्त युवाओं को इंक्यावन हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला पूरे देश के चालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे।

<u>एसआई भर्ती–परिणाम</u>

छत्तीसगढ़ पुलिस में एसआई और प्लाटून कमांडर संवर्ग की भर्ती परीक्षा दो हजार इक्कीस का परिणाम जारी कर दिया गया है। एसआई भर्ती का परिणाम छत्तीगसढ़ पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। चयन प्रक्रिया के तहत् कुल विज्ञापित नौ सौ पचहत्तर रिक्त पदों के लिए कुल नौ सौ उनसठ उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

गौरतलब है कि इस भर्ती की प्रक्रिया वर्ष दो हजार अट्‌ठारह में शुरू हुई थी। साक्षात्कार सहित भर्ती की सभी प्रक्रिया दो हजार तेईस में पूरी हो चुकी थी, लेकिन इसका परिणाम जारी नहीं हो पाया था।

<u>मोतियाबिंद–कार्रवाई–निलंबन</u>

दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद करीब चौदह लोगों को संक्रमण होने की जानकारी मिली है। गौरतलब है कि अट्‌ठारह और बाईस अक्टूबर को उनतालीस लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया था। इस मामले में राज्य सरकार ने जिला चिकित्सालय में मोतिया बिंद सर्जरी के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर नेत्र सर्जन डॉक्टर गीता नेताम, नेत्र सहायक अधिकारी दीप्ति टोप्पो और स्टाफ नर्स ममता वैदे को निलंबित कर दिया है।

<u>राईस मिल–पोर्टल</u>

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने किसानों को आश्वसन दिया है कि सरकार चावल मिल मालिकों से सभी उपज खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज नई दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम शिकायत निवारण प्रणाली के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि पंजीकरण से लेकर समाधान खोजने तक का पूरा निवारण ऑनलाइन होगा।

नामांकन याचिका—खारिज

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। मिली जानकारी के अनुसार कुल संतावन नामांकन पत्रों में से बारह नामांकन पत्र वैध नहीं पाए गए हैं।

इस बीच, रायपुर दक्षिण सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा का नामांकन निरस्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग से मांग की थी। भाजपा ने आकाश शर्मा का नाम दो विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में होने की जानकारी चुनाव आयोग को दी थी। इस आवेदन पर सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने भाजपा की याचिका को खारिज कर दिया है।

उपचुनाव के कार्यक्रम के तहत उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे। मतदान तेरह नवंबर को होगा। गौरतलब है कि इस उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सुनील सोनी को और कांग्रेस ने आकाश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

मुख्यमंत्री—अपील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने का अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल साइबर ठग लोगों की पूरी जानकारी निकालकर उनसे फोन पर ऐसे बात करते हैं मानो उनके परिजन ही बात कर रहे हों, और इस तरह उन्हें ठगी का शिकार बना लेते हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आश्वासन दिया कि सरकार साइबर सुरक्षा को लेकर हरसंभव कदम उठा रही है और लोगों को ठगी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि किसी भी संदेहास्पद कॉल या संदेश का जवाब देने से पहले सावधान हो जाएं और अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

सूरजपुर आरोपी—कार्रवाई

सूरजपुर जिले में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या के मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के कथित अवैध मकान पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ढहा दिया है। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद थी। तेरह दिन पहले नगरपालिका ने उसके घर पर नोटिस चस्पा किया था। आज जो कार्रवाई की गई है उसमें एक सौ पचास डिसमिल जमीन पर बना अवैध आवासीय भवन और अहाता शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार—

— वित्तमंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति में रायगढ़ में नालंदा परिसर के निर्माण के लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया गया है।

— छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमर प्रकाश सावंत को प्रशासनिक कारणों से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>